Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 27 अंक- 322 रायपुर, सोमवार 16 दिसम्बर 2024 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्कर 6 लोगों की मौत, 7 की हालात गंभीर

बीती रात डौंडी थाना क्षेत्र में हुआ दर्दनाक सड़क हादसा

बालोद, 16 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में बीती रात एक भीषण सड़क हादसा हो गया. जिले के डौंडी थाना क्षेत्र में 13 लोगों से भरी एक जायलो कार को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए. इस घटना में 6 की मौके पर ही मौत हो गई, जिनमें एक बच्चे, 4 महिला 1 पुरुष शामिल हैं. वहीं 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद घायलों और मृतकों के शव को बाहर निकाला और घायलों तत्काल डौंडी सामुदायिक स्वास्थ केंद्र भेजा गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें राजनांदगांव जिला अस्पताल रेफर किया गया. सभी घायलों की हालात काफी नाजुक बनी हुई है. पुलिस ने मर्ग कायम कर सभी मृतकों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक कार में सवार लोग छट्ठी (नामकरण संस्कार) कार्यक्रम में शामिल होने के बाद डौंडी से गुरेदा लौट रहे थे. इसी दौरान डौंडी थाना क्षेत्र के चोरहापड़ाव कार (सीजी04एलडी8049) को दक्षीराजहरा से भानुप्रतापपुर की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार ट्रक (सीजी07बीक्यू0941) ने जोरदार टक्कर मार दी. इस दर्दनाक हादसे में 6 की मौके पर ही मौत हो गई और 7 लोगों की हालत काफी गंभीर बनी हुई है. बताया जा रहा है कि मौत का आंकड़ा और भी बढ़ सकता है. फिलहाल पुलिस इस मामले में फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी हुई है। इन 6 लोगों की हुई मौत- दुर्पत प्रजापति पिता पूना राम उम्र 30 पुरुष ग्राम गुरेदा (गुंडरदेही), सुमित्रा बाई कुम्भकार पति स्वर्गीय कार्तिक राम उम्र 50 वर्ष घोड़ारी महासमुंद, मनीषा कुम्भकार पति विश्वनाथ उम्र 35 वर्ष ग्राम घोराड़ी महासमुंद, सगुन बाई कुंभकार उम्र 50 वर्ष ग्राम कुम्हारपारा कवर्धा , ईमला बाई पति रेवा राम सिन्हा उम्र 55 ग्राम गुरेदा (गुंडरदेही), जिग्नेश कुम्भकार पिता प्रीतम कुम्भकार उम्र 7 वर्ष ग्राम गुरेदा (गुंडरदेही)। इन 7 लोगों की हालत बनी हुई है नाजुक- झमित कुमार पिता मिथलेश कुमार उम्र 7 वर्ष गुरेदा(गुंडरदेही), बिन्देश्वरी बाई पति पूरन लाल कुम्भकार उम्र 35 ग्राम गुरेदा (गुंडरदेही), रूखमणी बाई पति छबिलाल उम्र 60 वर्ष ग्राम भरेंगांव, युवराम साहू पिता घासी राम उम्र 30 वर्ष सिकोसा (गुंडरदेही), रम्भा बाई, ईश्वरी बाई पति कुलपत राम उम्र 61 वर्ष ग्राम गुरेदा (गुंडरदेही), कुमारी बाई पति रूपलाल कुम्भकार उम्र 55 वर्ष भरेंगांव शामिल है।

धान खरीदी पर गरमाया सदन

विपक्ष ने की सदन में चर्चा की मांग सत्ता पक्ष की आपत्ति पर मचा हंगामा

रायपुर, 16 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में शून्यकाल के दौरान विपक्ष ने उठाया प्रदेश में धान खरीदी का मुद्दा उठाया. विपक्ष की मांग पर सत्ता पक्ष ने आपत्ति जताई. इसके साथ ही विपक्ष ने नारेबाजी करते हुए हंगामा मचाना शुरू कर दिया. विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने हस्ताक्षेप करते हुए हंगामा को शांत कराया।

प्रश्नकाल में उठा सरकारी जमीन की अफरा-तफरी का मुद्दा राजस्व मंत्री ने कहा कलेक्टर से जांच की बात

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पहले दिन प्रश्नकाल के दौरान सरकारी जमीन की अफरा-तफरी का मुद्दा सदस्यों ने उठाया. राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने शिकायतों की जांच कलेक्टर से कराने की आश्वासन दिया. प्रश्नकाल की कार्यवाही शुरू होते ही बेलतरा विधायक सुशांत शुक्ला ने बिलासपुर जिले में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा का मुद्दा उठाया. कहा कि जिले के कई जगहों पर भूमि पर अवैध कब्जा हुआ है. इस पर राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने बताया कि 2021 से 2024 सरकारी भूमि पर कब्जे की 563 शिकायतें प्राप्त हुई. इस पर सदस्य ने सवाल किया कि कितने अफसरों पर कार्यवाही हुई. इस पर मंत्री ने कहा कि अभी पट्टा वितरण नहीं हुआ. पिछली सरकार में गलत ढंग से गलत पट्टा बंटा हो तो उसकी जांच कराएंगे. विधायक धरमजीत सिंह ने कहा कि सरकारी जमीन की अफरा-तफरी हुई है. इस पर राजस्व मंत्री टंक राम ने कहा कि शिकायतों की जांच कलेक्टर से कराएंगे.

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने धान खरीदी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि धान खरीदी में ऑनलाइन और ऑफलाइन के चक्कर में किसान परेशान हैं. 16 दिसम्बर हो गया है, लेकिन अब तक एक-तिहाई धान नहीं खरीदा गया. धान खरीदी केंद्रों में अव्यवस्था है. प्रदेश में बहुत सारे धान खरीदी केंद्र ऐसे हैं, जहां खरीदी नहीं हो रही है. भूपेश बघेल ने कहा कि प्रदेश में किसानों को बारदाने की व्यवस्था नहीं हो रही है. राइस मिलर का पेमेंट नहीं मिल रहा है. इसके साथ ही उन्होंने धान खरीदी में किसानों की परेशानी पर सदन में चर्चा कराने की मांग की।

दिवंगतों को श्रद्धांजलि देने के साथ विधानसभा का शीतकालीन सत्र शुरू, सदन की कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित

विधानसभा का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हो गया है। सत्र की शुरुआत दिवंगतों को श्रद्धांजलि के उल्लेख के साथ हुई। स्पीकार डॉ. रमन सिंह ने पूर्व राज्यसभा सांसद गोपाल जी व्यास और अविभाजित मध्य प्रदेश के पूर्व सदस्य नंदा राम सोरी के निधन का उल्लेख किया। दिवंगतों के सम्मान में सदन ने दो मिनट का मौन रखा और उसके बाद कार्यवाही पांच मिनट के लिए स्थगित करने की घोषणा कर दी। स्पीकर ने इन दोनों पूर्व राज्यसभा और विधासनसभा सदस्यों के निधन का उल्लेख किया। सदन की ओर से सीएम की अनुपस्थिति में डिप्टी सीएम अरुण साव ने श्रद्धांजलि दी। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने भी दोनों दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी। सोरी बस्तर में नक्सलवाद के खिलाफ चलाए गए सलवा जुडूम का हिस्सा थे। मंत्री राम विचार नेताम, विधायक गजेंद्र यादव, मंत्री ओपी चौधरी, मंत्री केदार कश्यप, सुशांत शुक्ला, कवासी लखमा, राजेश मूणत और सुनील सोनी ने भी श्रद्धांजलि दी।

ब्रेकिंग न्यूज

कार अनियंत्रित होकर नहर में गिरी, आगरा में तैनात पुलिसकर्मी की मौत, दोस्त गंभीर घायल

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। कार मोड़ पर अचानक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। हादसे में कार सवार पुलिसकर्मी की मौत हो गई और उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्गेश पुत्र विजय सिंह फौजदार गांव चूहरपुर किनमासा के रहने वाले थे। वह आगरा में पुलिस में तैनात थे। 14 दिसंबर को वह अवकाश पर घर आए थे। शाम को वह गांव के अपने मित्र लोकेंद्र पुत्र विशम्बर सिंह के साथ नयाबास नहर पुल स्थित एक होटल पर खाना खाने गए थे। देर रात करीब साढ़े दस बजे दोनों लोग वापस घर जा रहे थे।

पेपर लीक मामलों की जांच तेज

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। सरकारी परीक्षाओं में कदाचार और प्रश्न पत्र लीक को लेकर बिहार पुलिस मुख्यालय और आर्थिक अपराध इकाई ने आज संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस दौरान अधिकारियों ने साफ कर दिया कि परीक्षा में गड़बड़ी किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। दोषियों को कठोर सजा मिलेगी और कानून के दायरे में सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। अधिकारियों ने बताया कि कई कोचिंग सेंटर और परीक्षा केंद्र भी जांच के दायरे में हैं। परीक्षा में गड़बड़ी करने वालों पर 10 साल की सजा और उनकी चल-अचल संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में एडीजी मुख्यालय कुंदन कृष्णन और एडीजी आर्थिक अपराध सुनील कुमार ने कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं। उन्होंने बताया कि 2012 से अब तक 10 मामलों में 545 से अधिक गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। 249 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई है। परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए बिहार में 2005 से पीएमएलए एक्ट लागू है। अधिकारियों ने बताया परीक्षा में गड़बड़ी करने पर 10 साल की सजा और संपत्ति जब्त करने का प्रावधान है। हाल ही में स्वास्थ्य विभाग की ष्टञ्जह्र परीक्षा में 12 परीक्षा केंद्रों पर गड़बड़ी पाई गई। इनकी संपत्तियां जब्त की जाएंगी।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने जगदलपुर में अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

रायपुर, 16 दिसंबर (हाईवे चैनल)। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने जगदलपुर में अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। खबर है कि अमित शाह हिड़मा के गांव पूवर्ती या बस्तर के किसी नक्सल प्रभावित इलाके में सुरक्षाबल के कैंप भी जा सकते हैं। इसके बाद शाह रायपुर में वामपंथी उग्रवाद पर बैठक लेंगे। इससे पहले वे कल (15 दिसंबर) बस्तर ओलिंपिक के समापन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि, नक्सलवाद खत्म होने पर यहां कश्मीर से ज्यादा पर्यटक आएंगे। 31 मार्च 2026 के बाद लोग कहेंगे बस्तर बदल गया है। गलत रास्ते पर गए लोग सरेंडर करें, हिंसा करेंगे तो हमारे जवान आपसे निपटेंगे। बस्तर में जब भी नक्सल का जिक्र होता है तो नक्सली लीडर माड़वी हिड़मा का नाम भी आता है। पुलिस की वांटेड लिस्ट में भी सबसे पहले हिड़मा का ही नाम है। हिड़मा सुकमा जिले के अति संवेदनशील पूवर्ती गांव का रहने वाला है। वर्तमान में ये नक्सलियों के सेंट्रल कमेटी का मेंबर है। इस पर 1 करोड़ रुपए से ज्यादा का इनाम घोषित है।

भारतीय मछुआरों के लगातार मुद्दे को उठाएं जो गलती से अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा (आईएमबीएल) को पार कर जाते हैं : राहुल गांधी

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने श्रीलंकाई जेलों में बंद भारतीय मछुआरों की दुर्दशा और श्रीलंकाई अधिकारियों द्वारा मछली पकड़ने वाली नौकाओं को जब्त करने के कारण आजीविका के नुकसान का सामना करने के संबंध में विदेश मंत्री एस जयशंकर को पत्र लिखा। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने लिखा कि जैसा कि हम भारत में अपनी पहली आधिकारिक यात्रा पर श्रीलंकाई राष्ट्रपति की मेजबानी करने की तैयारी कर रहे हैं, मैं भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि कृपया उन भारतीय मछुआरों के लगातार मुद्दे को उठाएं जो गलती से अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा (आईएमबीएल) को पार कर जाते हैं, और उनकी शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करें।

गांधी ने केंद्र से मछुआरों पर लगाए गए जुर्माने को माफ करने और उनके पट्टे को सुरक्षित करने का भी आग्रह किया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि संयुक्त कार्य समूह जैसे अंतर सरकारी तंत्र कोलंबो के साथ लंबित मुद्दों को हल करने के लिए नियमित रूप से बैठक करें। यह तब हुआ है जब श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायक ने अपनी तीन दिवसीय भारत यात्रा शुरू की है।

कुर्सी बचाने के लिए कानून में संशोधन करना ही कांग्रेस का चेहरा : सीतारमण

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संविधान के 75 साल पूरे होने पर राज्यसभा में चर्चा की शुरुआत करते हुए कहा कि भारत का संविधान समय की कसौटी पर खरा उतरा है। वित्त मंत्री ने संविधान की 75 साल की यात्रा को उल्लेखनीय बताते हुए कहा कि संविधान में समय समय पर संशोधन हुए, संविधान ने संकट का दौर भी देखा। वित्त मंत्री सीतारमण ने राज्यसभा में कहा कि कांग्रेस परिवार और वंशवाद की मदद के लिए संविधान में संशोधन करती रही। सीतारमण ने राज्यसभा में कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस ने संविधान में जो संशोधन किए वह लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए नहीं बल्कि सत्ता में बैठे लोगों की रक्षा के लिए थे।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में संविधान पर बहस के दौरान कहा, कांग्रेस एक परिवार, एक वंश की मदद के लिए बेशर्मी से संविधान में संशोधन करती रही। इस देश के पहले प्रधानमंत्री ने अपनी सरकार की प्रेस जांच की निंदा की, जबकि उन्होंने सार्वजनिक रूप से प्रेस की स्वतंत्रता की प्रशंसा की। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि मजरूह सुल्तानपुरी और बलराज साहनी दोनों को 1949 में जेल में डाल दिया गया था। 1949 में मिल मजदूरों के लिए आयोजित एक बैठक के दौरान मजरूह सुल्तानपुरी ने एक कविता पढ़ी जो जवाहरलाल नेहरू के खिलाफ लिखी गई थी और इसलिए उन्हें जेल जाना पड़ा। उन्होंने इसके लिए माफी मांगने से इनकार कर दिया और उन्हें जेल में डाल दिया गया। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाने का कांग्रेस का रिकॉर्ड इन दो लोगों तक ही सीमित नहीं है। 1975 में माइकल एडवर्ड्स द्वारा लिखी गई एक राजनीतिक जीवनी 'नेहरू' पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।

तांत्रिक के कहने पर युवक निगल गया जिंदा चूजा, मौत

बिलासपुर/अंबिकापुर, 16 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से एक हैरतअंगेज मामला सामने आया है. यहां एक युवक को शादी के 5 साल बाद बेटा हुआ. लेकिन उसे संतान नहीं थी, तब वह एक तांत्रिक के संपर्क में आया और इसके बाद उसके घर नन्ही किलकारी गूंजी. इसके बाद वो तांत्रिक के पास गया. सूत्र बताते है कि यहां उसे तांत्रिक ने जिंदा चूजा निगलने कहा. पूरी तांत्रिक क्रिया के बाद युवक ने जिंदा चूजा निगल लिया, वह भी बिना चबाए.

पीएम करने वाले डॉक्टरों ने गला काटकर निकाला चूजा

लेकिन तांत्रिक के बताए टोटके के चक्कर में उसकी मौत हो गई और मौत के बाद जब डॉक्टरों ने मृतक का पीएम किया तो वो भी दंग रह गए. पीएम करने वाले डॉक्टरों ने मृतक के गले से बिना चबाया हुआ चूजा बाहर निकाला जो उसके आहार और स्वास नली में फंसा हुआ था. इस पूरे मामले की जानकारी परिजनों से पूछताछ के बाद हुई कि मृतक का पूरा परिवार एक तांत्रिक के संपर्क में था.

मृतक आनंद यादव का पोस्टमॉर्टम करने वाले डॉक्टर संतू बाघ ने बताया कि मृतक के परिजनों ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि युवक नहाकर निकलने के बाद अचानक चक्कर खा कर गिर गया और अस्पताल लेजाने पर डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया. उन्होंने बताया कि सामान्यत: हमें चेस्ट, एब्डामिन और हेड खोलने पर मौत के कारणों का पता चल जाता है. लेकिन इस केस में हमें तीनों जगह खोलने के बाद भी कुछ पता नहीं चल पा रहा था. इसके बाद जब हमने मृतक का नेक खोला तो हमारे होश उड़ गए।

चक्रवाती तूफान की दस्तक, उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड का अलर्ट, तूफानी हवाओं के साथ भारी बारिश

नई दिल्ली, 16 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। देशभर में मौसमी परिस्थितियां लगातार बदल रही हैं। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (डब्लू) ने एक बार फिर देश के कई हिस्सों में खराब मौसम का अलर्ट जारी किया है। दक्षिण भारत में चक्रवाती तूफान के प्रभाव से अगले दो दिनों में तेज हवाओं और भारी बारिश का अनुमान है। वहीं, उत्तर और मध्य भारत में शीतलहर और घने कोहरे ने ठंड के प्रकोप को और बढ़ा दिया है। आईएमडी ने चेतावनी दी है कि अगले पांच दिनों तक समुद्र तटीय इलाकों में ऊंची लहरें उठने और दक्षिणी राज्यों में भारी बारिश का खतरा है। साथ ही, उत्तर भारत के पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी और मैदानों में घने कोहरे की संभावना भी जताई गई है। यह स्थिति साइक्लोनिक सर्कुलेशन, पश्चिमी विक्षोभ और बर्फीली हवाओं के सक्रिय होने के कारण बनी हुई है।

पुण्यतिथि पर पावन स्मरण

बिरादरी की बातें

चूहा- सुनती हो, महाराष्ट्र में मंत्रियों को ढाई-ढाई साल रहने कहा गया है। चुहिया- हां जी, बांट-बांट कर खाने का इंतजाम किया गया है।